**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक 22.04.2021**

**दिनांक 21/22.04.2021 को रात्रि थाना वजीरगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 पश्चिमी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार**

**थाना सआदतगंज**:-दिनांक 22.04.2021 को एस0आई0 राजेश कुमार मौर्या थाना सआदतगंज द्वारा अभियुक्त 01.अशोक कुमार गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद गुप्ता निवासी गोकुला बुजुर्ग थाना सादुल्य नगर जनपद बलरामपुर हालपता-न्यू हैदरगंज, निकट संजय होटल ट्रांस फार्मर के पास सआदतगंज को टैम्पो स्टैण्ड बडा चैराहा सआदतगंज से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 20 अद्द अवैध शराब क्वार्टर बरामद कर थाना सआदतगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0**

**थाना चिनहट**:-दिनांक 22.04.2021 को थाना चिनहट द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 22.04.2021 को समय करीब 10.48 बजे प्रातः डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल विभूतिखण्ड लखनऊ द्वारा थाना चिनहट पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 21.04.2021 को समय करीब 04.58 बजे सांय को श्री सर्वेश पाण्डेय उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र स्व0 किशन लाल पाण्डेय निवासी चिनहट बाजार थाना चिनहट लखनऊ को मृत अवस्था में इस चिकित्सालय में चिनहट बाजार से लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री ऋषिकेश मो0नं0. 7839860987 द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक के बड़े भाई सोनू पाण्डेय के अनुसार दिनांक 21.04.2021 को समय करीब 04.00 बजे उसके भाई सर्वेश पाण्डेय उम्र करीब 25 वर्ष जो अपने घर में फर्श पर गिर गये थे, जिनको इलाज हेतु डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टरो द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक अविवाहित था। मृतक मजदूरी करता था।

**थाना मोहनलालगंज**:-दिनांक 22.04.2021 को थाना मोहनलालगंज द्वारा बताया गया कि श्री रमेश पुत्र स्व0 कुशहेर रावत निवासी ग्राम कुन्दनखेड़ा मजरा डेवारिया भरसवा थाना मोहनलालगंज लखनऊ ने थाना मोहनलालगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 21.04.2021 को रात्रि रोजाना की भांति उसके पिता श्री कुशहेर उम्र करीब 65 वर्ष खेत में ट्यूबवेल पर छप्पर के नीचे सोने गये थे, कि रात्रि करीब 11.30 बजे भारी आंधी तूफान आने के कारण उसके पिता जो छप्पर के नीचे सोये हुए थे, अचानक छप्पर गिर जाने के कारण छप्पर के नीचे दबने से उसके पिता कुशहेर की मुत्यु हो गयी। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री एस0आई0 श्री ओ0पी0 सिंह मो0नं0 9412048066 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक खेती किसानी करते थे।